समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# सस्ता हुआ सोना, क्या खरीदने का सही समय है ? जाने 28 मई को आपके शहर मे क्या है रेट्स।

Publisher
Published on 28 May 2025



## एमसीएक्स पर सोना टूटा, चांदी मामूली मजबूत ; जाने आपके शहर मे 22K और 24K सोने का भाव।

**नई दिल्ली :** मई के अंत में सोने की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे सोना खरीदने की योजना बना रहे लोगों के लिए यह **सुनहरा मौका** हो सकता है। पिछले कुछ हफ्तों से रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा सोना अब धीरे-धीरे गिर रहा है। 28 मई को **एमसीएक्स (MCX)** पर सोना **0.42% गिरकर ₹96,014 प्रति 10 ग्राम** पर आ गया है, जबकि **चांदी ₹98,090 प्रति किलो** पर हल्की बढ़त के साथ कारोबार कर रही है।

### सोने की कीमतों मे लगातार उतार-चढ़ाव

हाल के सप्ताहों में सोना ₹1 लाख प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गया था, लेकिन अब इसमें गिरावट देखने को मिल रही है। आज 28 मई को देशभर के कई शहरों में 22 और 24 कैरेट सोने की कीमतें कुछ रुपये कम दर्ज की गई हैं।

### आपके शहर मे आज का सोना-चांदी रेट (28 मई 2025)

| शहर | 22 कैरेट सोना (₹/10 ग्राम) | 24 कैरेट सोना (₹/10 ग्राम) | चांदी (₹/किलो) |
|---|---|---|---|
| दिल्ली | ₹89,490 | ₹97,620 | ₹1,00,000 |
| मुंबई | ₹89,350 | ₹97,480 | ₹1,00,000 |
| अहमदाबाद | ₹89,400 | ₹97,530 | ₹1,00,000 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| पटना | ₹89,400 | ₹97,530 | ₹1,00,000 |
| हैदराबाद | ₹89,350 | ₹97,480 | ₹1,00,000 |
| चेन्नई | ₹89,350 | ₹97,480 | ₹1,00,000 |
| बेंगलुरु | ₹89,350 | ₹97,480 | ₹1,00,000 |
| कोलकाता | ₹89,350 | ₹97,480 | ₹1,00,000 |

### क्यों घटते-बढ़ते है सोने-चांदी के दाम ?

सोने और चांदी की कीमतें कई फैक्टर पर निर्भर करती हैं, जैसे:

१. **अंतरराष्ट्रीय बाजार मे डॉलर की कीमत**

२. **क्रूड ऑयल के दाम**

३. **इंटरनेशनल गोल्ड रिजर्व्स**

४. **इंडियन एक्सचेजं रेट्स (INR/USD)**

५. **मांग और आपूर्ति का संतुलन**

भारत में सोने की खरीदारी विशेष रूप से **शादी-ब्याह, त्योहारों** और निवेश के नजरिए से की जाती है, जिससे कीमतों में मौसमी उतार-चढ़ाव भी आता है।

### क्या ये खरीदने का सही समय है ?

अगर आप निवेश या आगामी शादियों के लिए सोना खरीदने की सोच रहे हैं, तो मौजूदा गिरावट को सही अवसर माना जा सकता है। हालांकि, कीमतें आगे और गिर सकती हैं या स्थिर रह सकती हैं, इसलिए निर्णय लेने से पहले एक्सपर्ट सलाह जरूर लें।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.